22 दिनों में निकला बीकॉम का रिजल्ट

रादुविवि ने प्रदेश में सबसे पहले परीक्षा कराने के बाद घोषित किया प्रथम सेमेस्टर का परिणाम

समाचार संवाददाता | जबलपुर

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार वर्ष 2015 में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं कराने वाला प्रदेश में पहला विश्वविद्यालय बनने के बाद अब पूरे प्रदेश में सबसे पहले बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित करने में भी पीछे नहीं रहा। विवि प्रशासन ने बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा खत्म होने के बाद मात्र 22 दिनों में परिणाम घोषित कर दिया। विवि ने अवकाश के दिन रविवार को दोपहर में परिणाम घोषित किए और विवि वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया, ताकि छात्र अपने परिणाम की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकें। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित करने के बाद अब विवि द्वारा बीए व बीएससी के परिणाम घोषित करने की तैयारियां की जा रही हैं, इसके लिये विवि प्रशासन ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले महाविद्यालयों से 5 जनवरी तक सीसीई और प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक मंगवाए हैं, इसके बाद शीघ्र ही बीए व बीएससी के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष की यह बड़ी विशेषता रही कि रादुविवि ने वर्षों से लेट कर चल रहीं स्नातक परीक्षाओं को पटरी में लाने कड़ी मेहनत की और उच्च शिक्षा विभाग के अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार 19 नवम्बर से यूजी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं प्रारंभ करा दी गई और अब परिणाम भी समय पर निकालने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके चलते एक परिणाम रविवार को घोषित किया गया।

78 प्रतिशत रहा परिणाम

विवि द्वारा घोषित बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का परिणाम लगभग 78 प्रतिशत रहा। ऐसा बहुत वर्षों बाद देखने में आया है कि विवि प्रशासन ने समय पर परीक्षाएं कराई और अब परिणाम भी समय पर घोषित किए जा रहे हैं तथा परिणाम इतना अच्छा कि 78 प्रतिशत छात्र पास हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में लगभग साढ़े सात हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से लगभग 5 हजार सात सौ छात्र पास हुए, वहीं लगभग 13 सौ छात्रों की एटीकेटी और ढाई सौ के आसपास छात्र फेल हुए हैं। वहीं दो दर्जन छात्रों के रिजल्ट विथहेल्ड हैं।पी-1